मूल्य 1 रु.
वर्ष: 12 - अंक : 81, मुंबई, सोमवार, 25 अप्रैल, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर





# लोअर परेल में स्थित ट्रिस्ट बार एंड क्लब बना अय्याशी का अड्डा



## बीती रात नशेड़ियों ने बार के अंदर नशे की हालत में की जामकर मारपीट

### ट्रिस्ट बार एंड क्लब के मालिक का दावा, हमारी पहुंच ऊपर तक, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, पूरी रात तक ऐसे ही चलेगी ट्रिस्ट बार एंड क्लब



**सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने मुंबई पुलिस कमिश्नर संजय पांडे से अपील की है कि ट्रिस्ट बार एंड क्लब पर कार्रवाई करके इसे बंद कराके शहर की गंदगी साफ की जाये, ताकी युवा पीढ़ी की जिंदगियां बर्बाद होने से बच सके**

**मुंबई।** एन एम जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत 462, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल में ट्रिस्ट बार एंड क्लब पूरी रात धड़ल्ले से चलाया जाता है, ट्रिस्ट बार एंड क्लब नशेड़ियों के लिए अय्याशी का अड्डा बन गया है। ट्रिस्ट बार एंड क्लब में वो सब काम होते हैं जो किसी भी क्लब व बार में नहीं किये जाते हैं।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा पर बवाल

## सांसद नवनीत राणा और विधायक पति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, राजद्रोह का केस भी दर्ज



**मुंबई।** महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा को लेकर सियासी घमासान जारी है। मातोश्री पर हनुमान चालीसा पढ़ने का ऐलान करने वाली सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को रविवार को बांद्रा कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उनके खिलाफ राजद्रोह का केस भी दर्ज किया गया है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# भाईचारे की मिसाल बने सुहेल खंडवानी व दिलशाद खान

## कार्यक्रम में मौजूद सभी ने अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमन चैन के लिए मांगी दुआएं



**मुंबई।** माहिम दरगाह/हाजी अली दरगाह ट्रस्ट के ट्रस्टी सुहेल खंडवानी ने पूरे महाराष्ट्र से काफी लोगों को माहिम में एक साथ जमा किया। इस दौरान सुहेल खंडवानी ने कहा कि पवित्र रमजान एक प्रशिक्षण का महीना है, जो रोजेदारों को बुराइयों से बचने की सीख देता है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## हमारी बात

### राजनय की मजबूती

भारत और ब्रिटेन के बीच जो नजदीकी देखी गई है, उसे आने वाले वर्षों तक याद किया जाएगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का भारत दौरा दर्ज करने लायक मोड़ साबित हो सकता है। ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को बढ़ाना चाहता है, साथ ही, रक्षा मामलों में भी भारत के साथ सहयोग बेहतर करने को लालायित है। हो सकता है, ब्रिटेन की यह कोशिश इसलिए भी हो कि रूस पर भारत की निर्भरता कम हो जाए, लेकिन तब भी भारत जिस तरह से अपना हित देखते हुए मजबूती से आगे बढ़ रहा है, वह मानीखेज है। खास कामयाबी यह कि ब्रिटेन भारत को एक ओपन जनरल एक्सपोर्ट लाइसेंस जारी करेगा, जिससे रक्षा खरीद आपूर्ति में कम समय लगेगा। इसके अलावा ब्रिटेन लड़ाकू जेट बनाने में भी भारत की मदद करेगा। हिंद महासागर में भारत की ताकत बढ़ाने की दिशा में भी वह मदद करना चाहता है। सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वास्थ्य क्षेत्र में ब्रिटेन ने भारत में निवेश बढ़ाने की बात भी की है। इतना ही नहीं, दोनों देश इसी साल के अंत तक एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौता भी करने वाले हैं। इस तरह का समझौता पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन अगर ब्रिटेन इस दिशा में अब बढ़ रहा है, तो भारत की बढ़ी हुई अहमियत को हम नजरंदाज नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बोरिस जॉनसन के बीच जो गर्मजोशी देखी गई है, उस पर न केवल भारतीय कूटनीतिज्ञों, बल्कि दुनिया की भी नजर होगी। दोनों ही नेता परस्पर संबंध विस्तार के लिए व्यग्र नजर आ रहे हैं, तो दुनिया के बदलते हालात की भी इसमें भूमिका है। कूटनीतिज्ञ भी इस बात को रेखांकित करते हैं कि विश्व की राजनीति में आज भारत का जो महत्व है, वह पहले नहीं था। पहले अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश भारत व पाकिस्तान के साथ एक समान व्यवहार के लिए बाध्य दिखते थे। शीतयुद्ध के दौर में दोनों देशों को एक ही तराजू पर रखकर चलने की वैश्विक कोशिश ने भारत को कई बार बहुत निराश किया है। हम अपना पक्ष रखते तो थे, लेकिन उससे लाभ नहीं ले पाते थे। अब ऐसा लगता है कि दुनिया खुद आगे बढ़कर भारत के बारे में सोचना चाहती है। अमेरिकी विदेश मंत्री हों या रूसी विदेश मंत्री या चीनी विदेश मंत्री या अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, ये तमाम यात्राएं भारतीय शक्ति का प्रमाण हैं। हमें पाकिस्तान के साथ तौलने का पश्चिमी तराजू अब शायद टूट चुका है। हमें विश्व-राजनय में अपनी वाजिब जगह और मजबूती, दोनों को कायम रखना है। एक और ताजा मामला देखें, तो एक अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ने पाक-अधिकृत कश्मीर की यात्रा की, जिस पर भारत ने आपत्ति जताई, इसके बाद अमेरिकी सरकार को स्पष्ट करना पड़ा कि डेमोक्रेट सांसद की यात्रा से बाइडन सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। दुनिया में अभी कोई ऐसा देश नहीं है, जो भारत को रूस का पुराना साथी होने के नाते कठघरे में खड़ा कर दे। भारत बहुत संभलकर चल रहा है। वह न तो रूस के खिलाफ गया है, न ही यूक्रेन के विरोध में खड़ा दिखा है। यह संतुलन भारतीय राजनय का नया सशक्त पहलू है। हर हाल में भारत को अपना हित देखते हुए चलना है। साथ ही, यह भी ध्यान रखना है कि भारत सिर्फ बाजार नहीं है, कोई भी देश भारत को सिर्फ बाजार मानकर न चले। संबंधों का विस्तार उन्हीं देशों के साथ होना चाहिए, जिनको हमारी पीड़ाओं का भी अंदाजा हो। राजनय की मजबूती देश के विकास में साकार होनी चाहिए।

# अरबपतियों के लिए नहीं बुलडोजर



**देश** में अलग अलग समय में अलग अलग नैरेटिव चल रहे होते हैं। थोड़े समय पहले भारत गाथा चल रही थी। फिर पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की कथा चली। उसके बाद कोरोना महामारी के बीच मुफ्त अनाज बांटने का महागाथा का समय आया। अब बुलडोजर कथा का समय है। चारों तरफ बुलडोजर चल रहे हैं। बुलडोजर अपने आप में एक राजनीतिक नैरेटिव बन गया है। बुलडोजर भारतीय राजनीति का पात्र बन गया है। नेताओं के चेहरे गौण हो गए हैं और बुलडोजर सामने है। उत्तर प्रदेश के चुनाव में भाजपा की रैलियों में बुलडोजर खड़े कराए गए। उन्हें सजाया गया, उन पर फूल बरसाए गए और उनके नाम पर वोट मांगा गया। इसकी अपार सफलता के बाद मध्य प्रदेश में भी बुलडोजर चला। गुजरात में भी चला। अब देश की राजधानी में बुलडोजर पहुंच हैं। राजधानी दिल्ली के जिस इलाके में सांप्रदायिक दंगे हुए वहां नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर पहुंच गई और साथ साथ हजारों की संख्या में पुलिस व अर्धसैनिक बल भी। बहरहाल, उत्तर प्रदेश हो या मध्य प्रदेश या राजधानी दिल्ली क्या किसी ने सोचा है कि बुलडोजर किसके ऊपर चल रहा है? जिन घरों पर बुलडोजर चल रहे हैं उनमें कौन लोग रहते हैं या जिन दुकानों पर बुलडोजर चल रहे हैं उनसे किन लोगों की जीविका चलती है? इसके लिए बहुत रिसर्च या अध्ययन की जरूरत नहीं है। वीडियो फुटेज से पता चलता है कि बुलडोजर सिर्फ गरीब लोगों पर चलता है। सरकारें कह रही हैं कि कानून के मुताबिक आरोपियों या अपराधियों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं तो क्या सारे गरीब कानून के मुताबिक अपराधी या आरोपी हैं? जब से यह बुलडोजर नैरेटिव शुरू हुआ है क्या किसी अमीर आरोपी का घर तोड़ने या किसी अमीर, कारोबारी और उद्योगपति का अवैध निर्माण गिराए जाने की वीडियो दिखी है? देश के न जाने कितने कारोबारी और उद्योगपति हजारों करोड़ रुपए का चूना लगा कर विदेश भाग गए। न जाने कितने कारोबारी हजारों-लाखों करोड़ रुपए का चूना लगा कर देश में ही बैठे हैं और कानून से राहत पाए हुए हैं लेकिन गरीब इनमें से किसी का आलीशान इमारतों पर नहीं बल्कि गरीब के घर बुलडोजर चल रहे हैं।

देश के और एशिया के सबसे अमीर आदमी के मालिकाने वाले मुंदरा बंदरगाह पर 21 हजार करोड़ रुपए की हेरोइन पकड़ी गई। टेलकम पावडर बता कर उसे लाया गया था। यह खेप पकड़े जाने से पहले पिछले साल जून में तीन हजार करोड़ रुपए की हेरोइन वहां से निकल कर देश के अलग अलग हिस्सों में पहुंची थी। सोचें, युवा पीढ़ी को बरबाद करने वाले नशे का कारोबार जहां से चल रहा है वहां बुलडोजर क्यों नहीं चला? क्या यह अच्छा नहीं होता कि सरकार मिसाल कायम करने के लिए अडाणी के ऊपर कार्रवाई करती? इसी तरह भारत सरकार की कंपनी ओएनजीसी ने देश के दूसरे सबसे अमीर आदमी पर 11 हजार करोड़ रुपए की गैस चोरी का आरोप लगाया है। आरोप है कि समुद्र के नीचे ओएनजीसी के कुएं में से अंबानी समूह ने गैस चोरी की। यह मामला 2014 से चल रहा है और 2018 में मध्यस्थता अदालत ने अंबानी के पक्ष में फैसला सुनाया। फिर भी यह मामला निपटा नहीं है। क्या सरकार को कभी यह सूझा कि अंबानी से पैसा वसूल किया जाए या उसके ऊपर बुलडोजर चलाया जाए? इतना ही नहीं अंबानी की 27 मंजिला रिहाइशी इमारत मुंबई की जिस जमीन पर बनी है वह भी वक्फ बोर्ड की जमीन बताई जाती है और उसे लेकर भी विवाद हुआ था। क्यों किसी ने उसके ऊपर बुलडोजर नहीं चला दिया? दुनिया भर के पत्रकारों ने मिल कर पनामा पेपर्स प्रकाशित किए। बरसों की जांच के बाद इससे पता चला कि कितने लोगों ने टैक्स हैवन देशों में पैसा छिपाया है या कर चोरी की है। इसमें नाम आने पर पाकिस्तान में नवाज शरीफ की सरकार चली गई। लेकिन भारत में सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी क्योंकि इसमें सारे नाम अरबपतियों के हैं या देश के नामी अमीरों के हैं। अमिताभ बच्चन के परिवार से लेकर देश के जाने-माने वकील हरीश साल्वे, कारोबारी विनोद अडानी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह सहित कोई पांच सौ लोगों के नाम पनामा पेपर्स में हैं। आरोप सही हैं या गलत यह अपनी जगह है लेकिन जब आरोप के आधार पर गरीबों के ऊपर बुलडोजर चल रहे हैं तो इनके ऊपर क्यों नहीं बुलडोजर चलाया गया। पनामा पेपर्स के बाद पैराडाइज पेपर्स का भी खुलासा हुआ, जिसमें सात सौ भारतीयों के नाम थे। अनिल अंबानी से लेकर सचिन तेंदुलकर और किरण मजूमदार शॉ जैसे बड़े नाम हैं। लेकिन इनमें से भी किसी के ऊपर बुलडोजर नहीं चला।

# विश्व राजनीति का नया दौर

चीन के राष्ट्रपति शी चिन फिंग यूक्रेन के सवाल पर अब भी रूस का साथ दिए जा रहे हैं। वे रूस के हमले को हमला नहीं कह रहे हैं। उसे वे विवाद कहते हैं। यूक्रेन में हजारों लोग मारे गए और लाखों लोग देश छोड़कर भाग खड़े हुए लेकिन रूसी हमले को रोकने की कोशिश कोई राष्ट्र नहीं कर रहा है। चीन यदि भारत की तरह तटस्थ रहता तो भी माना-जाता कि वह अपने राष्ट्रहितों की रक्षा कर रहा है लेकिन उसने अब खुले-आम उन प्रतिबंधों की भी आलोचना शुरू कर दी है, जो नाटो देशों और अमेरिका ने रूस के विरुद्ध लगाए हैं। चीनी नेता शी ने कहा है कि ये प्रतिबंध फिजूल हैं। सारा मामला बातचीत से हल किया जाना चाहिए। यह बात तो तर्कसंगत है लेकिन चीन चुप क्यों है? वह पूतिन और बाइडन से बात क्यों नहीं करता? क्या वह इस लायक



नहीं है कि वह मध्यस्थता कर सके? वह तमाशबीन क्यों बना हुआ है? उसका कारण यह भी हो सकता है कि यूक्रेन-हमले से चीन का फायदा ही फायदा है। रूस जितना ज्यादा कमजोर होगा, वह चीन की तरफ झुकता चला जाएगा। चीन आगे-आगे रहेगा और रूस पीछे-पीछे! रूस की अर्थव्यवस्था इतनी कमजोर हो जाएगी कि मध्य एशिया और सुदूर एशिया में भी रूस का स्थान चीन ले लेगा। शीतयुद्ध के जमाने में अमेरिका के विरुद्ध सोवियत संघ की जो हैसियत थी, वह अब चीन की हो जाएगी। चीन ने संयुक्तराष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस के पक्ष में वोट देकर पूतिन के हाथ मजबूत किए हैं ताकि इस मजबूती के भ्रमजाल में फंसकर पूतिन गल्तियों पर गल्तियां करते चले जाएं। चीन ने यूक्रेन में हो रहे अत्याचारों को भी पश्चिमी प्रचारतंत्र की मनगढ़ंत कहानियां कहकर रद्द कर दिया है। पूतिन का साथ देने में शी ने सभी सीमाएं लांघ दी हैं। वे एक पत्थर से दो शिकार कर रहे हैं। एक तरफ वे अमेरिका को सबक सिखा रहे हैं और दूसरी तरफ वे रूस को अपने मुकाबले दोयम दर्जे पर उतार रहे हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बोरीवली से 51,75,000 रुपये मूल्य की प्रतिबंधित सामग्री के साथ पकड़ी गई महिला

**मुंबई।** बोरीवली की एमएचबी कॉलोनी पुलिस ने शनिवार, 23 अप्रैल, 2022 को सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास बोरीवली में 51,75,000 रुपये की हेरोइन बेचने के आरोप में एक 23 वर्षीय महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने 23 वर्षीय महिला पर शक होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले मुंबई पुलिस आयुक्त ने शहर में नशा तस्करों की बढ़ती संख्या को रोकने और शहर में नशा करने वालों को खत्म करने के लिए एक विशेष टीम गठित करने का आदेश दिया था। नशा तस्करों को खत्म करने में कामयाबी के लिए क्राइम डिस्क्लोजर स्क्वॉड, सर्विलांस स्क्वॉड और एटीएस स्क्वॉड की टीमें एक्शन लेने के लिए बनाई गई हैं। एमएचबी कॉलोनी पुलिस



स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुधीर कुडलकर ने बात करते हुए कहा, जब हमारी टीम शनिवार 23 अप्रैल को बोरीवली में सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास गश्त कर रही थी, तो हमें मुस्कान दीपक कनौजिया (23) नाम की एक महिला एक पारदर्शी बैग के साथ खड़ी मिली। हमें उसके हरकतों से हुआ और फिर हमने उससे पूछताछ की और पाया कि उसके पास 51,75,000 रुपये मूल्य की 345 ग्राम हेरोइन थी। हमने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 8 (ए) के तहत मामला दर्ज किया है। 21 (सी) एनडीपीएस अधिनियम, 1985। कुडलकर ने आगे कहा, हम आगे जांच कर रहे हैं कि क्या आरोपी महिला किसी अपराध में शामिल है और साथ ही उक्त महिला के अन्य साथी भी मुंबई के अन्य हिस्सों में हैं।

## मुंब्रा और कौसा में वर्ष 2016 के मई महीने में रस्ता रुंदीकरण में तोड़ी गई दुकानों और मकानों का पुनर्वासन को लेकर ठाणे मनपा प्रशासन की मुंब्रा प्रभाग समिति के अधिकारियों द्वारा किया गया

# करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार

## आरटीआई कार्यकर्ता हनीफ कामदार ने की मनपा आयुक्त से की इन भ्रष्ट अधिकारियों की खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग



आरटीआई कार्यकर्ता
हनीफ कामदार

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार रस्ता रुंदीकरण के मुद्दे पर हनीफ कामदार ने मुंब्रा कौसा विभाग में वर्ष 2016 में रास्ता रुंदीकरण में तोड़ी गई दुकाने और मकानों को पुनर्वासन को लेकर ठाणे मनपा प्रशासन की मुंब्रा प्रभाग समिति मैं दस वर्षों से कार्यरत अधिकारी श्री धनंजय गोसावी इन्होंने कई अधिकारियों के साथ मिलकर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया है। रस्ता रुंदीकरण की कारवाई मे जिन लोगों की दुकान और मकाने तोड़ी गई उन मे से कई लोगों को दुकानों के बदले आज तक पुनर्वसन नहीं मिला और शहर विभाग की मंजूरी बगैर टाटा हाईटेंशन पावर कि नीचे श्री धनंजय गोसावी इन्होंने कौसा एमएम वैली स्थित वर्ष 2013-14 में अनाधिकृत हॉकर्स मार्केट बनाकर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया इसके बाद इस मार्केट को तोड़कर इसका मालमत्ता का भी भ्रष्टाचार किया गया और अब वहां पर टाटा हाईटेंशन पावर की नीचे ही बगैर शहर विभाग की मंजूरी के 128 अनाधिकृत गाले बनाकर ऐसे लोगों को वितरित कर दिए जिनमे ज्यादातर ऐसे लोग है जिनकी कोई दुकान रस्ता रुंदीकरण कभी थी ही नहीं। इसके साथआरटीआई कार्यकर्ता हनीफ कामदार ने कुछ और चौकाने वाले खुलासों के साथ उन्होंने बताया ठाणे महापालिका की रस्ता रुंदीकरण की कार्रवाई को लेकर मुंब्रा कौसा विभाग वर्ष 2016 मई के महीने की 4 से 7 तारीख को हुवी तोड़ो कार्रवाई में तोड़े गए दुकान और मकान के और उनका पुनर्वसन के मुद्दे पर सबसे पहले 20/6/2016 को डाली गई आरटीआई का जवाब में तोड़ी गई दुकानों के सिर्फ नाम और संख्या 133 दुकानों की और मकानों की संख्या 21 बताई गई जिसमें कुल मिलाकर 154 दुकान और मकान रस्ता रुंदीकरण में तोड़े गए थे। लेकीन इसके बाद पुनर्वसन की मुद्दे की जानकारी लेने के लिए दुबारा 2/2/2018 में डाली गई दूसरी आरटीआई में यह जानकारी दी गई की तोडी हुवी दुकानों की संख्या 268 बताई गई लेकिन तोड़ी गई दुकानों की संख्या 268 तो बताई गई परंतु 268 दुकान मालिकों के और मकान मालिक के नाम नहीं बताए गए इसमें तोड़ी हुई दुकानों की तादाद कैसे बड़ी यह बड़ा सवाल उत्पन्न होता है। गौरतलब बात यह है की यह मामला मुंब्रा कौसा विभाग के लोगों का पुनर्वास का था आरटीआई द्वारा मिली जानकारी में इस समाधान नहीं हो रहा था कि लोगों को पुनर्वासन क्यों नहीं किया गया जिसके चलते हमने 30/11/2018 को पुनर्वासन और तोड़ो कार्रवाई मै तोड़ी गई दुकान और मकानों की जानकारी प्राप्त करने के लिए फिर तीसरी बार आरटीआई डाली जिसमें हमको आरटीआई के माध्यम से यह बताया गया की दुकानें और मकानों की संख्या इस बार 171 बताई गई जिसमें य दुकानों को और मकानों को किस को वितरित किया गया इसकी जानकारी समाधान कारक नहीं दी गई। उसके बाद हमने 30/6/2021 मे चौथी आरटीआई डाली गई जिसमें हमको तोड़े गए दुकानों की संख्या 364 बताई गई और जिसमे गौरतलब बात यह है कि लगातार चार बार आरटीआई ठाणे मनपा प्रशासन से निकालने के बावजूद भी रस्ता रुंदीकरण मैं मनपा प्रशासन कि मुंब्रा प्रभाग समिति द्वारा कितने गाले तोड़े गए इसका खुलासा साफ तौर पर आरटीआई से प्राप्त नहीं हो पा रहा है पहली आरटीआई 20/6/2016 को निकाली गई जिसमें तोड़े गए दुकानों और मकानों की संख्या 154 बताई गई दूसरी आरटीआई 2/2/2018 निकाली गई जिसमें बताया गया 268 तोड़ी गई दुकानों और मकानों की संख्या बताई गई तीसरी आरटीआई 30/11/2018 को डाली गई जिसमें तोड़ी गई दुकानों और मकानों की संख्या 171 बताई गई चौथी आरटीआई 30/6/2021 को डाली गई जिसमें तोड़ी गई दुकानो की संख्या 364 बताई जा रही है। आरटीआई के माध्यम से प्राप्त सूची हुवी है उससे यह स्पष्ट होता है इन अधिकारियों द्वारा रास्ता रुंदीकरण के कारवाई मे तोडी गयी दुकानो और मकानो के लोगो के पुनर्वसन को लेकर बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है। इस लिये मैने 29/3/2022 को ठामपा के मा आयुक्त को पत्र दिया था और ठामपा के मा आयुक्त से विनंती करता हु की मुंब्रा प्रभाग समिति के कार्यकारी अभियंता श्री धनंजय गोसावी, श्री सागर सालूंके, श्री महेश आहेर, और अन्य भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करें और रस्ता रुंदीकरण मैं मनपा प्रशासन द्वारा तोड़े गए जिन लोगों के गाले उन लोगों को पुनर्वासन किया जाए आपसे निवेदन है।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

## लोअर परेल में स्थित ट्रिस्ट बार एंड क्लब बना अय्याशी का अड्डा

साथ ही इस बार में हर दिन मारा मारी होती है, बीती रात तो ऐसी मारामारी हुई की पूरा क्लब खून से लथपथ हो गया, लेकिन एन एम जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी। मुंबई पुलिस कमिश्नर संजय पांडे से अपील है कि ट्रिस्ट बार एंड क्लब को इसकी लिमिट और हदें इसको याद दिला दें, क्योंकि स्थानीय पुलिस को ट्रिस्ट बार एंड क्लब के मालिक अपने नाक के ऊपर रखता है, ट्रिस्ट बार एंड क्लब का मालिक पुलिस कार्रवाई के नाम पर कहता है हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, जिसको जो करना है कर ले। देर रात तक बेखौफ धड़ल्ले से चलने वाले ट्रिस्ट बार एंड क्लब पर जल्द से जल्द बड़ी कार्रवाई करते हुये इसे बंद कराया जाये, ताकी ट्रिस्ट बार एंड क्लब द्वारा समाज में गंदगी फैलाने से रोका जा सके। बता दें कि अगर मुंबई पुलिस कमिश्नर संजय पांडे को इस ट्रिस्ट बार एंड क्लब की पूरी जानकारी चाहिए तो बीती रात की इस बार एंड क्लब की सीसीटीवी फुटेज मंगा ले, इस बार में किस तरह से मारामारी हुई है और कितने इस मारामारी में घायल हुये हैं पूरी रात कैसे अय्याशी का अड्डा यहां चलता है सारी जानकारी सामने आ जायेगी। ट्रिस्ट बार एंड क्लब की वजह से पूरी युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंस कर बर्बाद हो रही है, सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने मुंबई पुलिस कमिश्नर संजय पांडे से अपील की है कि ट्रिस्ट बार एंड क्लब पर कार्रवाई करके इसे बंद कराके शहर की गंदगी साफ की जाये, ताकी युवा पीढ़ीकी जिंदगियां बर्बाद होने से बच सके।


## भाईचारे की मिसाल बने सुहेल खंडवानी व दिलशाद खान

उन्होंने कहा कि रमजान समाज में भाईचारे और समरसता की सीख देता है। साथ ही आपस में भाईचारे की बात करते हुये देश में अमन शांती की सभी से अपील की। सुहेल खंडवानी ने कार्यक्रम में मौजूद सभी सांसद, विधायक व सम्मानित शख्सियतों से अपील करते हुये कहा कि आप सब अपने-अपने क्षेत्र में अमन शांती बनाये रखें, कुछ असामाजिक तत्व हैं जो आपस में सभी को लड़ाकर भाईचारा खत्म कराना चाहते हैं लेकिन हम ऐसे लोगों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। इस दौरान माहिम में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने हिस्सा लिया और सभी रोजेदारों ने अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। इस कार्यक्रम में हिंदु, मुस्लिम, सीख, ईसाई सभी समाज के बड़े-बुजर्ग व नौजवानों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों, समुदाय के धार्मिक नेताओं, मुस्लिम समुदाय के सदस्यों के साथ कई सम्मानित शख्सियत शामिल हुए, जिन्होंने देश की विकास और सभी समुदायों की समृद्धि के लिए राष्ट्रीय पहल में सांप्रदायिक सद्भाव की प्रासंगिकता पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र राज्य के कैबिनेट मंत्री व मुंबई शहर के पालकमंत्री असलम शेख, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष भाई जगताप, विधायक वारिस पठान, विधायक अमीन पटेल, विधायक जीशान सिद्दीकी, विधायक रईस शेख, जगदीश सिंह छपरा, नगरसेवक मोसिन भाई, नगरसेवक नजीर मुल्ला, दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान, सुरज सिंह ठाकुर, इमरान बाबू कुरैशी, खालिद बाबु कुरैशी, फारूख घीवाला, माहिम क्षेत्र के डीसीपी प्रणय अशोक, अर्शी मिर्जा, शाकिब माहिमी, आसिफ दादरकर, तनवीर मर्चेंट, सलीम मापखन, अरशद भाई, मोईन अजमेरी, डॉ. मुदस्सिर लांबे, बिजनेसमैन सुरेश कामा, मोहम्मद इब्राहिम शेख, फिरोज सामा, साजिद सुपारीवाला, जावेद पारिख, दाऊद खान सहित कई जाने माने लोग तशरीफ लाये थे। दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान ने बताया कि रमजान-उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। इस प्रकार के कार्यक्रम से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है।

## महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा पर बवाल

मुंबई पुलिस ने उनके लिए पुलिस कस्टडी की मांग की थी जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। वहीं, भाजपा नेता किरीट सोमैया ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उन पर हुआ हमला स्टेट स्पॉन्सर्ड था। इसमें पुलिस ने राज्य सरकार के इशारों पर काम किया। किरीट सोमैया पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। महाराष्ट्र के गृहमंत्री ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कानपुर के गोविंद नगर में अब ईद भी सकुशल संपन्न कराएंगे इंस्पेक्टर रोहित तिवारी



**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां आगामी ईद के त्यहार को सफल संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसके लिए यहां के कई पुलिस थानों में पीस कमेटी की मीटिंगों का भी दौर जारी है। इसी क्रम में यहां की चुनौती पूर्ण गोविंद नगर थाने की पुलिस विभाग को सकुशल संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास में लगातार जुटी हुई है। इसी के साथ उसने अपराधियों के खिलाफ जिस तरह से प्रभावित अभियान की शुरूआत कर रखी है। इसके तहत घर से भागी गई लड़कियों को बरामद करने के साथ ही अनेक शातिर अपराधियों को भी जेल भेजने में भी सफलता मिली है। ईद के आगामी त्योहार को सफल संपन्न कराने के प्रयासों के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का यह जोरदार अभियान जिस थाना गोविंद नगर पुलिस ने शुरू कर रखा है, उसकी कमान आजकल साधारण सूचनाओं पर भी खुद मौके पर पहुंचकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देश का अक्षरशः अनुपालन के लिए भी चर्चित लोकहित में अपनी धुन के पक्के निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के स्वाभिमानी स्वभाव वाले उन तेज तर्रार, व्यवहार कुशल और कठोर परिश्रमी जुझारू इंस्पेक्टर रोहित तिवारी के हाथ में है। संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अब तक कई अपराधियों को जेल भेजने वाले इंस्पेक्टर रोहित तिवारी का पुलिस विभाग में अबतक का इतिहास यह साबित करता है कि उनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा केवल हत्या जैसी संगीन वारदातों को ही नहीं बल्कि हर छोटी से छोटी घटना को भी बहुत गम्भीरता से लेकर पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही और पीड़ितों की सहायता में भी अग्रणी रही है। फिलहाल विधानसभा चुनाव के साथ होली के त्योहार को भी सकुशल संपन्न कराने में सफलता के बाद अब ईद के त्यौहार के लिए भी पुलिस का संघर्ष लगातार जारी है।




# सही स्वास्थ्य शिक्षा सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कर सकती हैं: राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. के बंसथा



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** कहा जाता है कि इलाज से बचाव बेहतर है। प्रारंभिक अवस्था में बच्चों को मूल बातें समझाना बहुत महत्वपूर्ण है। यदि युवाओं को अच्छी स्वच्छता बनाए रखने के लिए समझाया जाए, तो बीमारी की चपेट में आने की संभावना को कम किया जा सकता है। भारत में मां/बच्चे की नैतिकता दर चिंताजनक है। गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर सही स्वास्थ्य शिक्षा सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कर सकती है और बच्चे/माँ की नैतिकता दर को भी कम करेगी। कर्नाटक की एनसीसीएचडब्ल्यूओ इकाई ने 7 अप्रैल 2022 को श्री शारदा पब्लिक स्कूल, मैसूर में छात्राओं के लिए शिक्षाप्रद व्याख्यान आयोजित करने की योजना बनाई। 2. मदर केयर क्लिनिक के सहयोग से डॉ. सोनिया मंडपा द्वारा एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं को गर्भावस्था से पहले, गर्भावस्था की अवधि और प्रसव के बाद की अवधि के दौरान मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए। इस अवसर पर दी गई थीम थी, 'हमारा ग्रह हमारा स्वास्थ्य'। कॉमरेड्री और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने के लिए, सभी उपस्थित लोगों ने एक कार्यक्रम को समाप्त करने के लिए एकजुटता श्रृंखला बनाई। उक्त जानकारी एनसीसीएचडब्ल्यूओ के राष्ट्रीय पदाधिकारी रणजीत सिंह वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# अब्दुल मुनाफ महाराष्ट्र राज्य उर्दू साहित्य अकॅडमी शिक्षण सेवा पुरस्कार से सम्मानित

**संवाददाता/अशफाक युसुफ**




**बुलडाणा।** महाराष्ट्र राज्य उर्दू साहित्य अकॅडमी मुंबई की ओर से राष्ट्रीय, राज्य व विशेष पुरस्कारों की घोषणा की गई है। जिस के जवाहर उर्दू हायस्कुल व ज्यु . कॉलेज के माजी प्राचार्य अलहाज अब्दुल मुनाफ को राज्य स्तरीय शिक्षण सेवा पुरस्कार ( २०१ ९ -२०) के लिए चुना गया है उन्हें यह अवार्ड उनकी शैक्षणिक, लेखी व सामाजीक व विकासमात विशेष योगदान के बदले में महाराष्ट्र साहित्य अकॅडमी मुंबई के ओर से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड मिलने पर मोतला व बुलडाणा के मित्र मंडली ने अभिनंदन किया जिन में जनाब शफी मौलाना हाजी सलीम साहब, शेख जमीर भाई, मो अनिस, राहत अजीज, मो . जबीउल्ला , साजिद सर, डॉ जियाउला, अब्दुल जब्बार, शेख अजीज ईरफान हमीद जमदार शेख हातम, अब्दुल हमीद ने बधाई पेश की।




# दैनिक योग साधना से शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक उन्नति सम्भव हैं: योगाचार्य रजनी चुघ

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'योग करे निरोग' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल में 388 वां वेबिनार था।मुख्य वक्ता योगाचार्या रजनी चुघ ने कहा कि शारीरिक,मानसिक व आध्यात्मिक उन्नति के लिए दैनिक योग अत्यंत आवश्यक है। अपने प्रति व समाज के प्रति कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए नित्य योगाभ्यास करते हुए हम आसन की परिपक्व अवस्था तक पहुंच सकते हैं। आसनों के अभ्यास से स्थिरता,




सुख की अनुभूति होती है। आसनों का उद्देश्य शरीर व मन में समन्वय बनाना है!जिससे मनुष्य सबल, स्वस्थ, प्रसन्न, सक्रिय एवम शक्ति को संचित करने योग्य बन सके। उच्च रक्तचाप व तनाव दूर करने में योग सहायक है। हम भीतर से शान्त व बाहर से क्रिया शील रहकर दिव्य जीवन प्राप्त कर सकते हैं। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि योग की महत्ता को आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है इसलिए आओ इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनायें। मुख्य अतिथि पूजा सलूजा व अध्यक्ष अनिता आर्या ने भी योग की अनिवार्यता पर जोर दिया। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि मैं दैनिक योग करके स्वयं व औरों को भी स्वस्थ रखता हूँ। गायक रविन्द्र गुप्ता, प्रवीना ठक्कर, कुसुम भंड़ारी, रचना वर्मा, कमलेश चांदना, उमा मिगलानी, कमला हंस, जनक अरोड़ा, किरण सहगल, सरला बजाज, उषा आहुजा, रजनी गर्ग आदि के मधुर भजन हुए।

# देश के विकास के लिए एक बेहद सराहनीय संकल्पना है बार्टर बाजार या विनिमय बाजार: शशि दीप

**संवाददाता/सैयद अखलाक अली**




**मुंबई।** विगत 17 अप्रैल, 2022, रविवार को मुंबई के स्ट्रीट कनेक्ट कम्युनिटी ग्रुप की ओर से एक अभिनव बाजार का आयोजन किया गया जिसका नाम था - बार्टर बाजार या विनिमय बाजार। पुराने जमाने जब रुपए पैसे का चलन नहीं था तो लोग एक चीज देकर दूसरी चीज लेते थे और अपनी जरूरतें पूरी करते थे। आज हमारे पास न पैसों की कमी है न बाजार में चीजों की कमी है। इसके परिणामस्वरूप घर में नित नए सामान और विश्व में फेंके गए सामान भरते जा रहे हैं। इसी उपभोक्तावाद में अल्प विराम लगाने के लिए 'बार्टर बाजार' आयोजित किया गया जो 'स्ट्रीट कनेक्ट उत्सव' में होने वाले स्वेप काऊंटर का ही विस्तृत रूप है। इस समारोह में पुस्तकें, खिलौने, गृहसज्जा की वस्तुएं, खेल से संबंधित चीजें, जंक ज्वेलरिस और पौधों के काउंटर तो थे ही, साथ ही टैलेंट बार नामक एक नया और अनूठा आयोजन था जिसमें आप टैलेंट एक्सचेंज करके एक दूसरे के गुणों से लाभान्वित हो सकते हैं। दर्शकों की सेवा के लिए दो होममेड फूड स्टॉल भी थे। एक मंच था जहां अनुष्ठान के संचालक श्री सूरज बड़ी मुस्तैदी से संचालन कर रहे थे। उन्होंने एक के बाद एक अनेक लोकप्रिय गीत गाकर लोगों का मनोरंजन किया और माहौल की रौनक बढ़ा दी। समारोह की शुरूआत हुई नृत्य गुरू रीतू मानेक की सुदक्ष शिष्याओं द्वारा प्रस्तुत की गई अनुपम गणेश वंदना नृत्य से, जिससे वातावरण में एक पवित्र अनुभूति छा गई। मशहूर लेखिका शशि दीप ने अपनी उत्साहवर्धक उपस्थिति से आयोजकों को गौरवान्वित किया। बार्टेर बाजार की प्रशंसा में उन्होंने अपनी भावनाओं को सशक्त शब्दों में अभिव्यक्त किया, सुमधुर स्वर में सरस्वती वंदना गायीं, प्रेरणामूलक कविता पढ़ी।इस समारोह में सबसे ज्यादा दिल को छू लिया घरकुल विद्यालय के विशेष रूप से योग्य विद्यार्थियों ने, जिन्होंने बड़ी सहजता से खिलौने वाले काउंटर को संभाला और इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर आयोजकों को व उपस्थित लोगों को गर्वित किया। सबसे आनंद की बात यह है कि लोग आते गए और सामान का विनिमय करते रहे, एक समय ऐसा आया कि लगभग सभी सामानों का विनिमय हो चुका था। पौधे सारे चले गए थे, बड़ी संख्या में आज के बच्चों ने पुस्तक विनिमय किया यह आशाव्यंजक है। समारोह के संतोषपूर्ण ढंग से खत्म होने पर आयोजकों की खुशी देखते ही बन रही थी।इस समारोह की सफलता का सारा श्रेय उन सबकी इस मानसिकता को जाता है कि सामानों की कद्र करें और उन्हें नष्ट न होने दें। इससे पृथ्वी बेहतर बनेगी।

## अलर्ट: सभी टर्म एंड कंडिशंस को सावधानीपूर्वक पढ़ें, नियमित तौर पर बैंक स्टेटमेंट चेक करते रहें

# बचत खाता खुलवाते समय रहें अलर्ट, चार्जेज के बारे में लें जानकारी

संवाददाता / नई दिल्ली

आमतौर पर बैंकिंग सिस्टम से पहली बार लोगों का परिचय सेविंग्स अकाउंट यानि बचत खाते के जरिए होता है। इसमें पैसे जमा करने पर न सिर्फ इनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है, बल्कि इस पर ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय भी होती है। बचत खाते के जरिए न सिर्फ अपने आय और खर्च को ट्रैक किया जा सकता है बल्कि ऑनलाइन बैंकिंग, एटीएम, डेबिट कार्ड, चेक बुक जैसी सेवाओं का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। पहली बार बचत खाता खुलवाते समय अधिकतर लोग ब्याज दर, मिनिमम बैलेंस और एफडी के दरों की जानकारी लेते हैं। हालांकि आपको अन्य चार्जेज की भी जानकारी हासिल करनी चाहिए। कुछ सर्विसेज और चार्जेज सेविंग्स अकाउंट से जुड़े होते हैं और अगर इनके बारे में जानकारी न नहीं है तो आपको महंगा पड़ सकता है। इन्हें कैसे ट्रैक करें, इसके बारे में हम इस रिपोर्ट के जरीये आपको पूरी जानकारी देंगे।

### टर्म एंड कंडिशंस को ध्यान से पढ़ें

जब आप बचत खाता खुलवाएं तो बैंक शुल्क व शर्तों की एक सूची आपको देता है। इसमें हर प्रकार की बैंकिंग सेवाओं के लिए लिए जाने वाले शुल्क की डिटेल्स होती है। इसके अलावा आपको सभी टर्म एंड कंडीशंस को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए। जैसे कि आप एनईएफटी और आईएमपीएस जैसी सर्विसेज का फ्रीक्वेंटली यूज करते हैं तो इससे जुड़े शुल्क और लिमिटेशंस की डिटेल्स जरूर देख लें।

### देखते रहें बैंक स्टेटमेंट

आमतौर पर लोग नियमित तौर पर बैंक स्टेटमेंट नहीं चेक करते हैं लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। बैंक स्टेटमेंट में महीने, तिमाही या सालाना सभी प्रकार के लेन-देन की जानकारी होती है। ऐसे में इसे समय-समय पर देखते रहें ताकि अगर कोई गलती दिखे तो तुरंत बैंक से संपर्क कर इसे सही करवा सकें। इसमें चार्जेज की भी डिटेल्स मिलती है तो आप इसके जरिए जान सकेंगे कि आपसे बैंक ने कितना शुल्क लिया है।




### बैंक के ऐलान से अपडेट रहें

सेविंग्स अकाउंट से जुड़े चार्जेज मे समय-समय पर बदलाव होते हैं। आमतौर पर बैंक एसएमएस या ई-मेल के जरिए अपने ग्राहकों की इसकी जानकारी मुहैया कराते हैं, लेकिन आप समय-समय पर बैंक की वेबसाइट विजिट करते रहें, ताकि सभी चार्जेज के बारे में अपडेट रहें। आप चाहें तो बैंक के लेटेस्ट बैंकिंग चार्जेज का एक रिकॉर्ड भी रख सकते हैं, जिससे किसी बैंकिंग सेवाओं पर अगर अधिक शुल्क वसूल किया गया है तो आप इसे पकड़ सकेंगे।

### गलत चार्जेज की शिकायत

बैंक कुछ सेवाओं के लिए कोई शुल्क नहीं लेता है तो कुछ सेवाओं पर चार्जेज वसूल करता है। अगर बैंक ने आपसे ऐसी किसी सर्विस के लिए शुल्क लिया है जो फ्री है या बैंक ने निर्धारित शुल्क से अधिक वसूल कर लिया है तो अपनी नजदीकी शाखा पर जाकर शिकायत कर सकते हैं। बैंक को एक एप्लीकेशन लिखकर या कस्टमर केयर डिपार्टमेंट को मेल के जरिए शिकायत कर सकते हैं। अगर आपकी शिकायत सही पाई गई तो बैंक गलत तरीके से काटे गए चार्जेज को वापस कर देता है।

### बैंकिंग सेवाओं और चार्जेज की सूची

- बैंक अपनी सेवाओं के लिए शुल्क वसूलता है जो हर बैंक के लिए अलग-अलग होता है। जैसे कि एक सीमा से ऊपर कैश निकालने या कैश जमा करने से जुड़े चार्जेज।
- दूसरे बैंक के एटीएम से जुड़े चार्जेज या मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन नहीं करने से जुड़े चार्जेज की भी जानकारी रखें।
- बचत खाते में एक मिनिमम बैलेंस रखने की जरूरत पड़ती है ताकि पेनाल्टी से बचा जा सके।
- चेक बुक, आईएमपीएस, आरटीजीएस, एनईएफटी जैसे ऑनलाइन मनी ट्रांसफर पर चार्जेज, चेक बाउंस चार्जेज, बैंक स्टेटमेंट चार्जेज, एसएमएस एलर्ट चार्जेज की जानकारी जरूर लें।
- विदेश घूमने की योजना बना रहे हैं तो रुपये को विदेशी मुद्रा में बदलने की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में करेंसी कंवर्जन फी के बारे में भी पता कर लें। विदेश में डेबिट कार्ड के जरिए पेमेंट करते हैं या एटीएम से पैसे निकालते हैं तो इससे जुड़े शुल्क का पता कर लें।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कानपुर में 26 जून को होगा यूपी एम टीए का अगला चुनाव

**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां ट्रांसपोर्टरों के सबसे बड़े संगठन यूपी मोटर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के चुनाव के लिए आज रविवार जनरल बॉडी की मीटिंग ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मुख्यालय में संपन्न हो गई। जिसमें बैलेंस शीट प्रस्तुत किए जाने के बाद पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त किए जाने की भी घोषणा कर दी गई। आज जनरल बॉडी की हुई इस मीटिंग में पहले भी यूपी mt11ii चुनाव करा चुके इंद्रपाल सिंह यादव को इस बार भी अगले चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त करने के साथ ही चुनाव की तारीख आगामी 26 जून 2022 घोषित की गई। उत्तर प्रदेश मोटर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अगले चुनाव को लेकर आहूत की गई इस महत्वपूर्ण बैठक में श्याम शुक्ला गुट सबसे ज्यादा हावी रहा। यहां उनकी अगुवाई में लगभग ढाई सौ से भी ज्यादा यूपी एम टी ए के सदस्य युवा नेता आदित्य तिवारी, सौरभ सक्सेना, अजय गुप्ता, पद्माकर पांडे, कुलदीप कुलजीत चौधरी, राजकुमार सारंग, मोहम्मद शफीक, नीर कुमार और लवी गांधी के समर्थन में इस बैठक में शामिल हुए। जिसके फलस्वरूप यूपीएम टी ए के आगामी चुनाव में हावी श्याम शुक्ला गुट के

**मुख्यालय ट्रांसपोर्ट नगर में जनरल बॉडी की इस मीटिंग में इंद्रपाल सिंह को बनाया गया चुनाव अधिकारी**

ही विजई होने की संभावना जताई जा रही है। अवगत अवगत कराते चलें कि यूपी एमटीए के संविधान के मुताबिक आज रविवार को संपन्न हुई जनरल बॉडी की मीटिंग के बाद यह चुनाव अधिकतम 90 दिन के अंदर संपन्न कराया जाना अनिवार्य है। जिसमें अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री और प्रचार मंत्री के एक-एक पद के साथ ही तीन उपाध्यक्ष 3 मंत्री और 3 संयुक्त मंत्री के भी एक-एक पद का चुनाव होना है। जानकारी के मुताबिक इसमें मतदान करने के अधिकारी वही होंगे, जिन्होंने सदस्यता शुल्क जमा कर दिया होगा। मिली जानकारी के मुताबिक कानपुर में यूपी मोटर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों की संख्या लगभग 900 के आसपास है, जिसमें लगभग 700 लोग सदस्यता के लिए आवश्यक शुल्क जमा कर चुके हैं। दी गई जानकारी के मुताबिक हर 2 साल में होने वाला यह चुनाव इस बार 5 साल बाद होने जा रहा है। इसके पहले यूपी एम टी ए का यह चुनाव सन 2017 में हुआ था। यूपी एमटीए के अगले चुनाव के लिए आज हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में मनीष कटारिया, आशु गांधी, अजय कपूर ,रवि गुप्ता, यादवेंद्र प्रताप सिंह बबलू भैया,केसी शर्मा टीवी त्रिपाठी अरुण वाधवा, राजेंद्र सिंह सेठी यतीश सिंह, मंगल सिंह कवॅल गांधी, सुभाष अग्रवाल विमल शुक्ल, श्याम गर्ग और प्रवीण जैन आदि मौजूद रहे।

# हंगामे की भेंट चढ़ी नगर पालिका बोर्ड की बैठक, सभासदों ने किया बहिष्कार

**प्रस्तावों को नहीं मिल सकी मंजूरी, पत्रकारों व सभासदों में फैला अमर्यादित व्यवहार से रोष**

**संभल।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक हंगामें के चलते बीच में ही समाप्त हो गई। हंगामें से पूर्व ही कुछेक प्रस्तावों को मन्जूरी मिल पायी बाकि प्रस्ताव हंगामें की भेंट चढ़ गए जिनको मन्जूरी नहीं मिल सकी। सभासदों ने एकता का परिचय देते हुए नारेबाजी की ओर बीच में ही छोड़कर चले गए। दरअसल हुआ यूं की शनिवार को नगर पालिका परिषद सम्भल के उपरी सभागार में बोर्ड की बैठक बुलाई गई थी। चैयरपर्सन आरिफा शकील के निधन और विधानसभा सम्पन्न होने के बाद यह पहली बजट बैठक थी। 11 बजे प्रशासक कमलेश अवस्थी की अध्यक्षता में बैठक की कार्यवाही शुरू की गई। प्रस्तावो को पढ़ना शुरू किया गया तो कुछ प्रस्तावों पर



सभासदों ने आपत्ती जताई। अभी एजेण्डा पढ़कर सुनाया ही जा रहा था कि हंगामा खड़ा हो गया। बोर्ड की बैठक शुरू होने से पूर्व महिला सभासदों के पतियों एवं कुछ कर्मचारियों को प्रशासक बाहर भेज दिया यह कहकर की बोर्ड की बैठक में सिर्फ सदस्य ही रहेंगे। इसी दौरान पत्रकारों को भी बाहर किया जाने लगा। इधर पत्रकार बोर्ड की बैठक में बाहर भेजने पर प्रशासक से शिकायत दर्ज करा रहे थे कि उधर सभासद पत्रकारों समर्थन में कूद पड़े और फिर हंगामा शुरू हो गया सभासदों ने बोर्ड की बैठक का वहिष्कार कर दिया। पालिका कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। बोर्ड की बैठक बीच में ही धड़ाम हो गई। वहीं पत्रकारों ने भी प्रशासक के व्यवहार को लेकर रोष प्रकट किया। सभासदों ने मण्डलायुक्त को पत्र भेजा है। जिसमें सभासद राज कुमार वर्मा, मो0 इब्राहीम, मो0 सरताज, आयशा आफताब, सुषमा ठाकुर, शमशाद हुसैन राजा, संजीव कुमार, वसीम जहां, अरशी, जैनब बेगम, रहमत जहां आदि के नाम शामिल हैं।

# कालियास के पत्रकार एवं मुंबई हलचल के राजस्थान संपादक राठौड़ प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष बने

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र मुंबई हलचल के राजस्थान संपादक एवं आवाज न्यूज 24 चैनल के भीलवाड़ा ब्यूरो चीफ भैरु सिंह राठौड़ प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं पत्रकार राठौड़ की ये नियुक्ति प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पांडेय ने की हैं! राठौड़ की प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति करने पर राठौड़ ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पांडेय का दिल से आभार जताया हैं तथा इस पर राठौड़ ने कहा कि वह संगठन के संविधान और नियम के तहत संगठन को आगे बढ़ाने तथा पत्रकारों के साथ होने वाले अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने का हरसंभव प्रयास करेंगे! राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में कोई भी पत्रकार संगठन से जुड़ने के लिए राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ के मोबाइल नंबर 09799988158 पर संपर्क कर सकते हैं! गौरतलब हैं कि राठौड़ और दबंगई व निडरता से लिखने के लिए जाने जाते हैं! राठौड़ ने कई राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में बतौर राजस्थान संपादक कार्य किया हैं जिनमें राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक दि ग्राम टुडे, दैनिक अमर स्तंभ, दैनिक वेलकम इंडिया, दैनिक जम्मु परिवर्तन में काम किया हैं तथा वर्तमान में राठौड़ सैटेलाइट न्यूज चैनल आवाज न्यूज 24 चैनल तथा मरुधर आवाज के भीलवाड़ा ब्यूरो चीफ तथा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक मुंबई हलचल, दैनिक रोजाना टाइम्स, दैनिक भोपाल मेट्रो न्यूज, दैनिक रीडर्स मैसेंजर के बतौर राजस्थान संपादक के पद पर कार्यरत हैं! राठौड़ की नियुक्ति पर कई पत्रकारों व इष्ट मित्रों ने राठौड़ को बधाई और शुभकामनाएँ दी तथा उज्जवल भविष्य की कामनाएँ की हैं।



# कानपुर में पेट्रो कीमतों में कमी नहीं किये जाने से ग्राहक परेशान

**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** पेट्रोल और डीजल के लगातार स्थिर बने दाम लोगों को बेचैन किये हुए हैं और आज18वें दिन शनिवार को भी यही हाल हैं। आज शनिवार सुबह जब पेट्रोल पंपों पर ग्राहक पहुंचे तो शुक्रवार के रेट पर ही उन्हें पेट्रोल दिया गया। कुल मिलाकर तेल कंपनियों की ओर से अपने ग्राहकों को अभी तक कोई राहत नहीं दी गई है। लोग उम्मीद लगाए हैं कि पेट्रो कीमतों में कुछ कमी आएगी। लेकिन यह देखने को नहीं मिल रहा है। मार्च के अंत और अप्रैल की शुरूआती सप्ताह में पेट्रोल- डीजल के लगातार 14 बार दाम कुछ इस क्रम में बढ़े 23 अप्रैल- 104.96- 96.54, 22 अप्रैल- 104.96- 96.54, 21 अप्रैल- 104.96- 96.54, 20 अप्रैल- 104.96- 96.54, 19 अप्रैल- 104.96- 96.54, 18 अप्रैल- 104.96- 96.54, 17 अप्रैल- 104.96- 96.54, 16 अप्रैल- 104.96- 96.54, 15 अप्रैल- 104.96- 96.54 कुल मिलाकर पेट्रोल और डीजल के दामों में इस तरह से अबतक दस रुपये तक की बढ़ोत्तरी हो चुकी है। अवगत कराते चलें कि इस साल सबसे पहले नवंबर माह में पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़े थे और लगातार 131 दिन तक स्थिर बने रहे थे। इसी बीच यूपी विधानसभा चुनाव भी हुए और कच्चे तेल की कीमत बढ़ने के बाद भी पेट्रो मूल्यों में वृद्धि नहीं हुई थी। इसके बाद अचानक वृद्धि का क्रम शुरू हुआ और लगातार 14 दिन तक इजाफा दस रुपये प्रतिलीटर तक पहुंच गया। अब पेट्रोल 104.96 रुपये और डीजल 96.54 रुपये प्रतिलीटर में है। फिलहाल अब एक बार फिर कच्चे तेल के दाम में कमी आई है, जिसके चलते लोगों ने पेट्रोल डीजल के दाम काम होने की उम्मीद लगाई है।

# बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का 'विद्यार्थी' संकट मेंः एडवोकेट सुरेश

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** बीकानेर में तकनीकी शिक्षा का भविष्य गर्त मे है। राजनेताओ का हस्तक्षेप -जाति वाद का चरमोत्कर्ष पूर्व प्राचार्यो के गबन, घोटाले- शैक्षणिक कर्मचारियो की फर्जी नियुक्तियां की समस्या आज विकराल स्वरूप धारण किये हुए है। ईसीबी व सीईटी कोलेज की दयनीय स्थिति को नजरअंदाज करते हुए बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का गठन ने इस समस्या को ओर अधिक जटिल कर दिया शैक्षणिक कर्मचारियो की फर्जी फौज जाति वाद के गुटो मे बिखरी ईसीबी व सीईटी - एम पुनिया पूर्व प्राचार्य ने जो फर्जीवाड़े का जो बीज बोया था, वह आज बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए विनाश का कारण बन रहा है - छात्रो के आन्दोलन के पीछे किसका हाथ है ये किसी से छिपा नही है। कुलपति के द्वारा बीटीयू में सुधार करने की इच्छा शक्ति के आगे एम पी पुनिया पूर्व प्राचार्य का जातिवादी वटवृक्ष आगे आ जाता है। रही सही कसर कबीना मन्त्री के कारिंदे कर रहे है। पिछले कुछ माह पूर्व से ईसीबी को बीटीयू का संघटक कोलेज बनाये जाने की कार्यवाही के तहत शैक्षणिक कर्मचारियो के शैक्षणिक दस्तावेजो व अनुभव प्रमाण पत्र की जांच कमेटी द्वारा किये जाने से भयभीत फर्जी शैक्षणिक कर्मचारियो ने -'विद्यार्थी' को ही हथियार बना कर 'विद्यार्थी' का ही भविष्य संकट मे ड़ालने का षड्यंत्र रच डाला - विद्या - की अर्थी निकालने वाले ये भुल गये कि आने वाला समय किसी को माफ नही करेगा।


# कानपुर में पलक झपकते युवक की जिंदगी निगल गई तेज रफ्तार

**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां कार की तेज रफ्तार पलक झपकते ही युवक की जिंदगी निगल गई। उसके डिवाइडर से टकराने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार की बीती देरलरात की है। उस समय रेलबाजार के सुजातगंज निवासी सुलेमान का 21 वर्षीय बेटा युसूफ काकादेव के एक कॉल सेंटर में काम करते थे। पुलिस ने बताया कि वह घटना के समय अपने कॉल सेंटर में काम करने वाले दो साथियों के साथ कार से घर लौट रहा था। इस दौरान श्याम नगर स्थित पीएसी पुल उतरते वक्त कार डिवाइडर से जा टकराई। जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर कई बार पलटी। अचानक हुए इस हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गर्मियों में त्वचा की देखभाल के लिए ट्राई करें यह 5 होममेड फेस





चिलचिलाती गर्मी के मौसम में त्वचा की नमी को बनाए रखना वास्तव में कठिन हो जाता है। हम सभी चाहते हैं कि हमारी त्वचा हर वक्त कोमल तथा साफ दिखे। इसके लिए लोग ना जाने फेस के लिए क्या कुछ ट्राई करते हैं। लेकिन फिर भी चेहरे पर वह रौनक नहीं देख पाते जो असल में वह देखना चाहते हैं। अगर आप भी आईने में एक सुस्त चेहरे को देखकर थक गए हैं,तो चलिए आज हम आपको आम से तैयार होने वाले फेसपैक्स के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल करके आप गर्मियों में साफ और निखरी त्वचा पा सकेगें।

**● ओटमील और आम का फेस पैक**

यह फेस पैक आपकी मृत त्वचा को हटाकर नई और चमकदार त्वचा प्रदान करेगा। आम फाइबर, विटामिन ए, सी, ई और बी 6 का एक उत्कृष्ट स्त्रोत है,जो त्वचा को पोषण प्रदान करने के लिए बहुत फायदेमंद है। ओटमील और बादाम प्राकृतिक स्क्रबिंग एजेंट के रूप में काम करते हैं। इस पैक को बनाने के लिए आपको 1 पका आम,4 से 5 बादाम, 2 चम्मच दलिया और 2 चम्मच कच्चा दूध लेना है। सबसे पहले आम के गूदे और कच्चे दूध को अच्छी तरह मिलाकर एक स्मूद पेस्ट तैयार कर लें, उसके बाद दलिया और बारीक कटे हुए बादाम मिला लीजिए। इस फेसपैक को आप अपने चेहरे पर 10 से 15 मिनट के लिए लगा कर रखने के बाद हल्के हाथों से स्क्रबिंग करते हुए चेहरे से उतार लेना है। उसके बाद फेस को सादे पानी से धो लें।

**● आम और शहद का फेस पैक**

आम से बना यह फेस पैक एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर पैक है। जिन लोगों के चेहरे पर मुहांसे होते हैं उनके लिए यह फेसपैक बहुत फायदेमंद है। इस पैक को बनाने के लिए आपको ०कप ताजे आम का रस,1 चम्मच शहद और 1 चम्मच नींबू का रस चाहिए होगा। इन सब चीजों को आपस में अच्छी तरह मिला लीजिए। इस फेस पैक को अच्छी तरह सूखने तक अपने चेहरे पर लगा कर रखना है। लगभग 20 मिनट के बाद आपका पैक सूख जाएगा, उसके बाद सादे पानी के साथ आप मुंह धो लें।

**● दहीं और आम का फेस पैक**

2 से 3 चम्मच आम के गूदे को 1 चम्मच दहीं के साथ अच्छी तरह मिला लें। आप चाहें तो इसमें थोड़ा सा शहद भी मिला सकते हैं। इस फेस पैक को आपको 20 मिनट तक चेहरे पर लगा कर रखना है। उसके बाद सादे पानी से मुंह धो लेना है।

**● बेसन तथा आम का फेस पैक**

आम के रस में 1 चम्मच बेसन मिलाकर, उसमें 1 से 2 टीस्पून अखरोट का पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला लें। इस पैक को आप 10 से 12 मिनट तक चेहरे पर लगाकर रखें, उसके बाद हल्के हाथों से स्क्रबिंग करते हुए पैक को उतार लें। इस पैक को लगाने से आपको चेहरे पर नैचुरल बलीचिंग जैसा निखार देखने को मिलेगा।

**● ऐवोकाडो मैंगो फेस पैक**

एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर यह फेस पैक प्री-मेच्योर एजिंग के खतरे को कम करता है। इस पैक को बनाने के लिए आपको आम और ऐवोकाडो के गूदे को मिलाकर, उसमें नारियल का तेल मिलाना है। इस पैक को चेहरे पर राउंड मोशन में लगाकर 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ देना है। उसके बाद सादे पानी से चेहरा साफ कर लेना है।

आम में विटामिन ए और सी होते हैं, जो त्वचा की नमी और टोनिंग में मदद करते हैं। यह कोलेजन और विटामिन जी से भी समृद्ध है, जो त्वचा को स्किन कैंसर जैसी बीमारीयों से भी बचाने का काम करता है।



# गर्मियों में चेहरा धोने के लिए इस्तेमाल करें यह 1 चीज, खिली-खिली रहेगी स्किन



गर्मियों में सादे पानी से तो न जाने हम कितनी बार मुंह धोते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि नारियल पानी से मुंह धोने के क्या-क्या फायदे हो सकते हैं ? गर्मी के मौसम में चेहरे को नारियल पानी धोना लाभकारी होता है क्योंकि इसमें कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो चेहरे को गर्मी से राहत प्रदान करते हैं, साथ ही नारियल पानी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं जो चेहरे पर पसीने के कारण मौजूद बैक्टीरिया और कीटाणुओं को नष्ट करने में मदद करता है। तो चलिए जानते हैं नारियल पानी के चेहरे को और क्या-क्या लाभ हो सकते हैं...

**निखारे चेहरे की रंगत**

एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नारियल पानी चेहरे की रंगत को निखारने में भी अहम भूमिका निभाता है। नारियल पानी एक नैचुरल मॉइस्चराइजर का काम करता है, जिससे त्वचा की नमी बनी रहती है।

**बचाए टैनिंग से**

गर्मियों में घर से बाहर निकलते ही तेज धूप सीधी आपके चेहरे पर पड़ती है। सूरज की हानिकारक किरणों से त्वचा में रुखापन आ जाता है। ऐसे में नारियल पानी के साथ मुंह धोने से त्वचा के पोषक तत्व कायम रहते हैं। नारियल पानी स्किन टैनिंग से बचने का एक बहुत बढिया साधन है।

**मुंहासों को करे दूर**

गर्मी के मौसम में ऑयली स्किन के कारण मुंहासे होना आम बात हो जाती है। नारियल पानी चेहरे के एक्सट्रा ऑयल को खत्म करने में मदद करता है। जिससे आपको कील-मुहांसों का सामना नहीं करना पड़ता। आप चाहें तो नारियल पानी के फेसपैक भी बनाकर लगा सकते हैं। तो चलिए बताते हैं नारियल पानी से बनने वाले कुछ फेसपैक्स के बारे में।

**1. आधा चम्मच बेसन में चुटकी भर** हल्दी डालकर, रोज वॉटर की जगह आप नारियल पानी डाल सकते हैं, इसका पेस्ट तैयार करके आप हफ्ते में 2 से 3 बार अपने चेहरे पर लगाएं।

**2. 1 से 2 चम्मच नारियल पानी में** ऑलिव ऑयल की 2 से 3 बूंदे डालकर, चेहरे पर मसाज करने से स्किन ग्लोइंग एंड हैल्दी दिखेगी।

**3. नारियल पानी को रुई में** डुबोकर,आंखों पर रखने से, आंखों को बहुत आराम मिलेगा। अक्सर गर्मियों में आंखों में जलन होने की समस्या होती रहती है। बच्चों के स्कूल से आने के बाद उनकी आंखों पर नारियल तेल में डूबी रुई अवश्य रखें।

# बालों की खोई चमक वापिस लाएंगी किचन की चीजें, यूं करें इस्तेमाल

इस बात से तो हम सब वाकिफ हैं कि बालों की देखभाल के लिए प्रोटीन कितना जरुरी है। लेकिन यह प्रोटीन हमें किन-किन चीजों से मिल सकता है, शायद हमें इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।खाने की चीजों में तो प्रोटीन का अधिक से अधिक सेवन करना ही चाहिए जिससे नैचुरल तरीके से हमारे बाल घने और मजबूत बने रहें। इसी के साथ आज हम आपको कुछ ऐसे प्रोटीन-युक्त हेयर मास्क के बारे में बताएंगे, जो आपके बालों को होने वाले बाहरी नुकसानों से बचा कर रखेगें। तो चलिए जानते हैं बालों के लिए फायदेमंद हेयर मास्क के बारे में...

**➤अंडा और ऐलोवेरा**

अंडा बालों को लालन-पालन करने का काम करता है, वहीं ऐलोवेरा बालों को मजबूती देता है। इस मास्क के लिए आपको 1 अंडे और ऐलोवेरा जैल को बराबर मात्रा में एक कटोरी में घोल तैयार कर लेना है। इस घोल को नहाने से 1 घंटा पहले आपको पूरे बालों में अच्छी तरह लगाना है। आप देखेंगे कि दिनों में ही आपके बालों की रुप-रेखा बदलने लगेगी। बालों के झड़ने और टूटने से लेकर, बालों में अलग से शाइन दिखेगी।

**➤बेसन और दहीं**

एक बाउल में आपको 2 टेबल्सपून बेसन में 1 चम्मच दहीं, 1 चम्मच शहद और कुछ बूंदे नींबू के रस की लेकर एक घोल तैयार कर लेना है। इस घोल को आपको 2 से 3 घंटे के लिए सिर के स्कैलप से लेकर बालों के अंत तक लगाना है। इससे आपके बाल हैल्दी एंड गुड लुकिंग दिखेंगे। इससे बालों में जमा रुसी भी गायब हो जाएगी।

**➤कोकोनट ऑयल और शहद**

2 टेबलस्पून गरी के तेल में 1 चम्मच शहद और 1 अंडे की जर्दी को मीलाकर 1 से 1/2 घंटे के लिए बालों में लगाकर रखें। नारियल का तेल स्कैल्प के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है साथ ही बालों में चमक और कोमलता भी प्रदान करता है। नारियल तेल दो मूंहे बालों को ठीक करने का नैचुरल तरीका है।

**➤मेयोनेज और कैस्टर ऑयल**

एक चम्मच कैस्टर ऑयल में 1 से 2 चम्मच मेयोनेज तथा कुछ बूंदे नींबू के रस की मिलाकर एक स्मूद पेस्ट तैयार कर लीजिए। अब इस पेस्ट को बालों में पूरी रात या फिर 3 से 4 घंटे के लिए लगा रहने दें। आप चाहें तो कैस्टर ऑयल की जगह पर ऑलिव ऑयल को भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रणवीर सिंह ने अपनी फिल्म लेकर किया खुलासा

**बॉलीवुड** में लोगों का दिल जीतने वाले एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। अब रणवीर सिंह ने फिल्म में को-स्टार आलिया भट्ट और करण जौहर के साथ अपने क्नैकशन का खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार, रणवीर सिंह ने एक इंटरव्यू में खुलासा करते हुए कहा है, 'मैं करण जौहर की इस फिल्म में मेन लीड रोल निभाने को लेकर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कई कल्ट फिल्में बनाई हैं, जिनको देख कर हम बड़े हुए हैं। फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है और इस विधा में उनके पास ऑर्नरशिप है, लेकिन अब इस क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं। आगे रणवीर ने ये भी बताया कि, 'उन्होंने एक मशहूर कलाकार को साथ रखा है। हर किरदार मेरे लिए इतना किमती है और मुझे इन सभी बेहतरीन अभिनेताओं के साथ काम करने में बहुत मजा आया।' इसी के साथ रणवीर ने अपने और आलिया भट्ट के रिश्ते के बारे में बात करते हुए आगे ये कहा कि, 'आलिया भट्ट और उनके बीच एक बेहतरीन कामकाजी रिश्ता है और वो एक कलाकार के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती हैं।' वहीं, रणवीर सिंह ने फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के बारे में बात करते हुए कहा, ये एक फील गुड़ फैमिली एंटरटेनर है। जिसको वो मौजूदा दौर में दर्शकों के सामने पेश कर रहे हैं।



# एक्शन सीरीज में शिल्पा की एंट्री




**बॉलीवुड** के फेमस डायरेक्टर रोहित शेट्टी एक्शन से भरपूर अपनी फिल्मों से बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के बाद अब ओटीटी पर कदम रखने जा रहे हैं। रोहित शेट्टी ने कुछ दिनों पहले ही अपनी मेगा बजट एक्शन वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' का ऐलान किया है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा लीड रोल प्ले करते दिखेंगे। रोहित शेट्टी की अपकमिंग वेब सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा के बाद बॉलीवुड की योगा गर्ल एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की भी एंट्री हो गई है। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ देर पहले ही वेब सीरीज से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है, जिसमें वो एक्शन अवतार में नजर आ रही हैं। शिल्पा शेट्टी पोस्टर में काले रंग की ड्रेस पहने नजर आ रही हैं और उनके हाथ में बंदूर दिख रही है। एक्ट्रेस से पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'पहली बार ओटीटी प्लेटफॉर्म में आग लगाने के लिए तैयार हूं और एक्शन किंग रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स में शामिल होने के लिए सुपरर एक्साइटिड'। शिल्पा के फर्स्ट लुक को देखकर तो ऐसा ही लग रहा है कि इस बार पुलिस ऑफिसर बनकर जमकर एक्शन सीन करके सबको हैरान करने वाली हैं। शिल्पा शेट्टी को इससे पहले कभी दर्शकों ने ऐसे किरदार में नहीं देखा है। शिल्पा ने जिस तरह का प्रोजेक्ट हाथ में लिया हैं, उसे देखकर ऐसा लग रहा है कि वो एक्सपेरिमेंट करने के मूड में हैं। वैसे एक्ट्रेस पिछले काफी वक्त से स्क्रीन पर नजर नहीं आई है लेकिन इस खबर से उनके फैंस काफी खुश होने वाले है। एक्ट्रेस कुछ वक्त पहले प्रियदर्शन की कॉमेडी मूवी में दिखीं थीं और अब वो रोहित की वेब सीरीज में एक्शन करती नजर आएंगी।



# ईशा कोप्पिकर ने कास्टिंग काउच पर किया शॉकिंग खुलासा



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर काफी समय से किसी हिंदी फिल्म में नजर नहीं आई है। लंबे समय बाद वह एक बार फिर अपनी वापसी को लेकर चर्चा में हैं। इस दौरान उन्होंने कई इंटरव्यूज में अपने गुजरे दिनों को याद कर इंडस्ट्री में होने वाली मुश्किलों के बारे में बात की। इस बीच एक्ट्रेस ने बॉलीवुड की चकाचौंध के पीछे का काला सच भी लाने की कोशिश की। इंडस्ट्री में काम पाना इतना भी आसान नहीं है। इसका जिक्र ईशा कई बार कर चुकी हैं। उन्होंने अपने हालिया इंटरव्यू में खुलासा किया कि कैसे एक बॉलीवुड एक्टर उनसे अकेले में मिलना चाहता था लेकिन उन्होंने उसको मना कर दिया था। सीक्रेट मीटिंग न करने पर उन्हें फिल्म से निकाल दिया गया था। इस घटना के बाद वह पूरी तरह टूट गई थीं। एक इंटरव्यू में जब उस घटना को कुरेदा गया तो उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह टूट गई थी और निराश हो गई थी क्योंकि, मुझे लगता था कि आपका काम और आपके लुक्स यहां मायने रखते हैं। लेकिन, नहीं यहां मायने रखता है कि आप एक हीरो की गुड बुक्स में हैं या नहीं और हीरो की गुड बुक्स का यही मतलब है। मुझे लगता है कि हमारी सबकी अपनी प्राथमिकताएं होती हैं और मेरे लिए मेरी प्राथमिकता मेरी जिंदगी है, जो मेरे काम से बड़ी है। आखिरी में यह मेरी अंतरात्मा है। मुझे आइने में खुद को देखने और अच्छा महसूस करने की जरूरत है।